CAREERINDIA

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

## अप्रैल, 2018

## अंक योजना – हिन्दी (केन्द्रिक) कोड संख्या 2/1, 2/2, 2/3

**विशेष निर्देश : माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

**सामान्य निर्देश** – मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए –

1. परीक्षकों के साथ जब तक प्रथम दिन वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से अंक योजना पर भली–भाँति विचार–विनिमय नहीं हो जाता तब तक मूल्यांकन आरंभ न कराया जाए।
2. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं। यदि परीक्षार्थी ने इनसे भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं, तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
3. मूल्यांकन कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार न करके, अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।
4. प्रश्न के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ, बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
5. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर बाईं ओर ही अंक दिए जाएँ।
6. यदि परीक्षार्थी ने किसी, किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जहाँ उत्तर अधिक अच्छा लिखा गया है तो उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें।
7. प्रश्नों के उत्तर यदि बिंदुओं में अपेक्षित हों और परीक्षार्थी अपेक्षा से अधिक बिंदुओं का उल्लेख करे तो सही बिंदु/बिंदुओं पर अंक दें और शेष/अनुपयुक्त बिंदुओं को काट दें।
8. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर बार–बार अंक न काटें।
9. निर्धारित शब्द सीमा से विचलन पर अंक न काटे जाएँ।
10. प्रायः यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि परीक्षक सहानुभूति में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 33 प्रतिशत अंक देकर उत्तीर्ण कर देते हैं , या कहीं एक अंक केवल इस आधार पर काट लेते हैं कि पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 100 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर–बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 100 अंक भी दिए जा सकते हैं।
11. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि कोई उत्तर पूर्णतः गलत मिलता है तो उस पर गलत (x) चिह्नित कर (0) अंक दिए जाएँ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## अप्रैल, 2018
## अंक योजना, हिन्दी 'केन्द्रिक'
## कक्षा – XII

कूटबंध – 2/1
2/2
2/3

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | | | | **खंड – क** | |
| 1. | 1. क | 2. क | 1. क | • भाषा के मुद्दे से लाभ लेने वाले राजनैतिक सोच वाले लोग<br>• हिंदी के विषय में या उसके विरोध में जब कोई हलचल होती है | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • भारत गणतंत्र/भारत सरकार, हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए और उसका विकास करे | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • अंग्रेजी भाषा की मानसिकता से उबरने के लिए<br>• अपनी भाषा की अस्मिता बचाने और भविष्य के संकट से उबरने के लिए<br>**(अन्य उपयुक्त बिन्दु भी स्वीकार्य)** | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • हिंदी के अतिरिक्त अन्य वे भाषाएँ जो संविधान में उल्लिखित हैं<br>• उनके रूप, शैली, शब्द भंडार आदि से हिंदी को सम्पन्न करना | 1+1=2 |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ङ | ङ | ङ | • अंग्रेजी भाषा और उसका प्रयोग करने वाले का अधिक महत्व<br>• मानसिक गुलामी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का भविष्य खतरे में पड़ना | 1+1=2 |
| | च | च | च | • शिक्षा, व्यापार, सरकारी कार्यालयों और व्यवहार में हिंदी को महत्व न मिलना<br>• युवा पीढ़ी पर अंग्रेजी मानसिकता हावी | 1+1=2 |
| | छ | छ | छ | • हिंदी और प्रादेशिक भाषाओं के प्रयोग से विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें बढ़ावा मिलना<br>• शिक्षा, व्यापार एवं दैनिक व्यवहार में अधिक से अधिक प्रयोग करके<br>(अन्य भी स्वीकार्य) | 2 |
| | ज | ज | ज | ''हिंदी भाषा'', (अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| 2. | 2. | 1 | 2. | | |
| | क | क | क | • असहाय होकर क्षमा करने पर कलंक<br>• क्षमतावान होने पर भी क्षमा करने से शृंगार | ½+½=1 |
| | ख | ख | ख | • बदला लेना<br>• आत्मसम्मान की रक्षा हेतु | ½+½=1 |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ग | ग | ग | • विजयी होकर भी क्षमा करना विभूषण<br>• पराजित होकर सहष्णिुता दिखाना अभिशाप है | ½+½=1 |
| | घ | घ | घ | • लोभ और स्वार्थवश किया गया युद्ध | 1 |
| | ङ | ङ | ङ | • पराक्रम व नीति युक्त लड़ाई ही धर्मयुद्ध है | 1 |
| | | | | **खंड ख** | |
| **3.** | 3. | 4. | 3. | **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन**<br>• आरंभ और समापन –2<br>• विषय वस्तु –2<br>• भाषा –1 | 5 |
| **4.** | 4. | 3. | 4. | **पत्र–लेखन**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ –1<br>• विषय वस्तु –3<br>• भाषा प्रस्तुति –1 | 5 |
| **5.** | 5. क | 5 घ | 6 क | • फैशन, ग्लैमर, अमीरों की पार्टियों और लोकप्रिय जाने–माने लोगों के जीवन की जानकारी देने वाली सामग्री | 1 |

www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ख | ड. | ख | • जो किसी समाचार संगठन के लिए दिए गए काम के अनुसार निश्चित मानदेय पर काम करना | 1 |
| | ग | क | ग | • किसी विशेष क्षेत्र जैसे–कृषि, विज्ञान, तकनीकी, व्यापार आदि की तह में जाकर उसका अर्थ स्पष्ट करना, मुद्दों, समस्याओं का सूक्ष्म विश्लेषण करना, आम पाठक को उसका महत्व बताना | **1** |
| | घ | ख | घ | • संवाददाताओं के बीच उनकी जानकारी और रुचि के आधार पर किए गए कार्य–विभाजन | 1 |
| | ङ | ग | ड. | • सस्ता व सुलभ साधन<br>• अन्य कार्य करते हुए भी रेडियो का उपयोग संभव<br>• व्यापक प्रसार, दूर–दराज के क्षेत्रों तक पहुँच<br>• अनपढ़ लोगों के लिए भी उपयोगी<br>• अपनी पसंद से कहीं भी, कभी भी सुन सकते हैं<br><br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | ½+½=1 |

www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| 6 | 6 | 7 | 4 | **आलेख लेखन**<br>• विषय वस्तु –2<br>• प्रस्तुतीकरण –2<br>• भाषा –1<br><br>**अथवा**<br><br>**पुस्तक समीक्षा लेखन**<br>• पुस्तक व लेखक का नाम –1<br>• विषय–वस्तु –3<br>• भाषा एंव प्रस्तुति –1 | 5<br><br><br><br><br>5 |
| 7 | 7 | 6 | 5 | **फीचर लेखन**<br>• विषय वस्तु –2<br>• प्रस्तुतीकरण –2<br>• भाषा –1<br><br>**खंड – ग** | 5 |
| 8 | 8<br>क | 8<br>क | 8<br>क | (बच्चे ————————————है ।)<br>• चिड़िया के;<br>• माता–पिता और भोजन की प्रतीक्षा में | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • चिड़िया को भूखे बच्चों से मिलने की उत्सुकता<br>• कवि की प्रतीक्षा करने वाला कोई नहीं | 1+1=2 |

www.careerindia.com

CAREERINDIA

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ग | **ग** | ग | • मुझसे मिलने को कौन बेचैन है, मेरे मन में उत्साह क्यों हो<br>• अकेलेपन के कारण | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • समय परिवर्तनशील है, गतिमान है<br><br>**अथवा** | 1+1=2 |
| | क | क | क | (छोटा ----------विशेष)<br>• खेत और पन्ना दोनों चौकोर<br>• खेत में बीज डाल कर फसल उगाते हैं कविता में किसी एक विचार पर कविता लेखन<br>• अन्न क्षुधापूर्ति करता है, काव्य–रस असीम आनंद प्रदान करता है<br>(कोई दो बिंदु) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • भावों और विचारों की आँधी; उन्हीं भावों विचारों से कविता का निर्माण | 1+1=2 |
| | ग | ग | ग | • जैसे बीज के विकास में रसायन की भूमिका वैसे ही किसी भाव या विचार को विकसित करने में कल्पना की भूमिका महत्वपूर्ण | 1+1=2 |



www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | घ | घ | घ | • जैसे पौधा पल्लवित और पुष्पित होकर झुक जाता है और बीज गल जाता है उसी प्रकार कवि का अहम् नष्ट होते ही रचना सर्वजन–हिताय हो जाती है और शब्दों के अंकुर फूटते ही रचना भी नमित हो जाती है | 2 |
| 9 | 9 क | 10 क | 9 क | (आँगन...................................हँसी।)<br>• खड़ी–बोली<br>• हिंदी–उर्दू मिश्रित शब्दावली<br>• चित्रात्मक भाषा<br>• चाँद का टुकड़ा जैसे मुहावरों से भाषा में सहजता वा माधुर्य<br>• लोका देना– आंचलिक शब्द का प्रयोग<br>• रूबाई छंद<br>(कोई दो बिंदु स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • वात्सल्य भाव स्पष्ट, माँ अपने बेटे को गोद में लेकर झुला रही है बच्चा किलकारी मार रहा है, माँ और बेटा दोनों खुश | 2 |
| | ग | ग | ग | • स्वभावोक्ति अलंकार – माँ द्वारा बच्चे को झुलाना, लोका देना, बच्चे का हँसना, पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार – रह–रह, रूपक अलंकार–चाँद के टुकड़े<br>( किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |

www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| **10** | 10 क | 9 क | 10 क | **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित**<br><br>• किसान के पास खेती के साधन नहीं<br>• भिखारी को भीख नहीं<br>• नौकर जीविका विहीन<br>• व्यापारी का व्यापार चौपट<br>• कुछ लोग पेट भरने के लिए अपने बेटा–बेटी बेचते हैं<br>(कोई तीन बिंदु स्वीकार्य) | 2x3=6<br><br>3 |
| | ख | ख | ग | • बच्चों के सपने असीम, कवि की कल्पना असीम<br>• बच्चों के खेल सीमाहीन, कविता की उड़ान असीम<br>• कविता शब्दों का खेल, बच्चों के खेल में घर–बाहर , ऊँच–नीच आदि में कोई भेद नहीं | 3 |
| | ग | ग | ख | • बादलों की गर्जना<br>• बिजली का चमकना<br>• मूसलाधार वर्षा<br>• बीजों का अंकुरण<br>• छोटे–छोटे पौधे हवा के चलने से हाथ हिलाते जान पड़ते हैं<br>• कमल के फूल से जल की बूँदों का टपकना<br>• कीचड. का साफ होना<br>(कोई तीन बिंदु स्वीकार्य) | 3 |



www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| **11** | 11 क | 11 क | 11 क | • आकर्षण;<br>• व्यक्ति को अपनी ओर सम्मोहित करता है<br>• खरीददारी के लिए ललचाता है | 1+1=2 |
| | ख | ख | ख | • मर्यादा तब तक जब तक जेब भरी एवं मन खाली हो। मन के भरे होने पर बाजार के जादू का असर नहीं होता | 2 |
| | ग | ग | ग | • निश्चित न होना कि वास्तव में क्या खरीदना है ?<br>• अनावश्यक वस्तुओं की खरीददारी | 1+1=2 |
| | घ | घ | घ | • जेब भरी व मन खाली<br>• सारा सामान आवश्यक लगना | 1+1=2 |
| **12** | 12 | 12 | 12 | **किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित–** | 3x4=12 |
| | क | घ | ख | • परम आवश्यक वस्तु का त्याग ही सर्वोच्च दान है<br>• मेंढक–मंडली पर चढ़ाया हुआ पानी देवता पर चढ़ाया गया अर्घ्य है जो बाद में कई गुना जल के रूप में मिलता है | 1½+1½=3 |

www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ख | ङ. | ग | • संजीवनी शक्ति का काम<br>• मनोबल बढ़ाना<br>• भय के सन्नाटे को चीरना,<br>• मृत्यु को सहज भाव से स्वीकार कर पाते थे | 1+1+1=3 |
| | ग | क | घ | • वर्ण और वर्ग व्यवस्था को तोड़ा<br>• आम आदमी के जीवन के साथ सहज तारतम्य<br>• आम आदमी की संवेदना से जुड़ा होना<br>• जीवन की विडंबनाओं और विद्रूपता का संवेदनशील अंकन<br>• मानवीयता के करीब/दयामय<br>• कला के एकाधिकार को समाप्त करने के कारण<br>(कोई तीन बिंदु स्वीकार्य) | 3 |
| | घ | ख | ङ. | • भारत–पाक विभाजन की त्रासदी<br>• विस्थापितों का दर्द/भावनाओं की मार्मिक अभिव्यक्ति<br>• मातृभूमि के प्रति लगाव का राजनीति से कोई सरोकार नहीं<br>• अपने–अपने वतन से लगाव व प्रेम को दर्शाना<br>• राजनीतिक कारणों से जमीन का बँटवारा लेकिन भावनाओं का नहीं<br>(कोई तीन बिंदु स्वीकार्य) | 3 |

www.careerindia.com

| प्रश्न सं. | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/1 | 2/2 | 2/3 | | |
| | ड. | ग | क | • दोनों बाहर से कठोर एवं दृढ़ लेकिन भीतर से कोमल<br>• प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अविचलित<br>• दोनों हानि –लाभ से परे | 1+1+1=3 |
| **13** | 13 | 13 | 13 | • युवा पीढ़ी द्वारा बुजुर्गों की भावनाओं को नहीं समझ पाना<br>• भावनाओं की अपेक्षा वस्तु को महत्व देना<br>• जिम्मेदारियों का अहसास न होना<br>• आदर, सम्मान, आज्ञापालन, अनुशासन<br>• उनसे सलाह–मशवरा करने की अपेक्षा<br>• अन्य मूल्यों का पालन करने की अपेक्षा<br>(विद्यार्थियों द्वारा दिए गए अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) | 3+2=5 |
| **14** | 14 क | 14 ख | 14 क | • विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य | 5 |
| | ख | क | ख | • शहर का व्यवस्थित ढाँचा<br>• मकानों की बनावट में सुविधाओं का ध्यान<br>• सड़कों की योजनाबद्ध बनावट , उचित चौड़ाई | 5 |

www.careerindia.com

<table>
<tr><th rowspan="2">प्रश्न सं.</th><th colspan="3">प्रश्न पत्र गुच्छ सं.</th><th rowspan="2">उत्तर संकेत/मूल्य बिंदु</th><th rowspan="2">निर्धारित अंक विभाजन</th></tr>
<tr><th>2/1</th><th>2/2</th><th>2/3</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>• ग्रिड शैली<br>• ढकी नालियाँ<br>• स्नानागार<br>• नगर योजना वास्तुकला के अनुरूप<br>• विशिष्ट जल – व्यवस्था<br>• अन्न भंडारण<br>• हथियारों का न मिलना<br>• महल, मंदिर आदि में भव्यता का दिखाई न देना<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं का उल्लेख करते हुए उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य)</td><td></td></tr>
</table>

www.careerindia.com